Title: Need for electrification of villages in Giridih, Bokaro and Dhanbad districts, Jharkhand-Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : झारखण्ड राज्य के गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले के कई गांव विद्युतीकरण से वंचित हैं। भारत सरकार द्वारा सौर उर्जा के द्वारा भी विद्युतीकरण की योजना है, परन्तु इसका उचित कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है। हमने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना राशि के द्वारा विद्युतीकरण कार्य हेतु अनुशंसा की है, परन्तु केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच मामला होने के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है।

अतः सरकार से मांग है कि उपर्युक्त नामित जिलों में विद्युतीकरण करने हेतु आवश्यक कदम उठाया जाए ताकि मेरे द्वारा सांसद राशि से की गई अनुशंसा का जनहित में लाभ मिले।